# वार्षिक परीक्षा 2024 –25
## विषय हिंदी

**कक्षा–नवमी** **दिनांक – 05/03/25** **अंक– 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्न पत्र में चार खंड है खंड क,ख,ग और खंड घ।
2. प्रश्न पत्र के चारों खंडो में प्रश्नों की संख्या 15 है और सभी प्रश्न अनिवार्य है।
3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए–

### खंड (अ)
### (अपठित बोध)

**प्रश्न 1. नीचे लिखे गदयांश को पढ़कर पुछे गए प्रश्नो के उत्तर लिखिए –** **(1x3=3 , 2x2= 4 = 7)**

सही समय पर सही चुनाव करने वाला व्यक्ति सदैव सफलता प्राप्त करता है । चुनाव में असावधान व्यक्ति कभी सफलता की चोटी पर नहीं चढ़ पाता । जो व्यक्ति अपने दैनिक कार्यक्रमों में सजगता के साथ उपयुक्त चुनाव नहीं करता और महत्व की दृष्टि से उनमें ठीक–ठाक क्रम नहीं बिठा पाता ,वह व्यक्ति न ठीक समय पर कोई कार्य पूरा कर सकता है और न अपने कामों को श्रेष्ठता और कलात्मकता ही दे पाता है । होना यह चाहिए कि हम सोच –समझकर तय करें कि हमें किस समय उठना है, किस समय सोना है और किस समय,क्या और कितना खाना है तथा किस समय अध्ययन करना है । खेल–कूद और व्यायाम के लिए समय का चुनाव करना है। चुनाव करते समय हमें अपने मित्रों के प्रति भी बहुत सावधानी बरतनी होगी । यह चुनाव हमारे जीवन की अनेक सफलताओं और असफलताओं के लिए जिम्मेदार होता है । सच्चा मित्र जहां हमें सन्मार्ग पर ले जाता है, वहीं कुमित्र पतन के गर्त में ढकेल देता है तथा हमारे जीवन को अनेक दुर्गुणों से भर देता है।

**प्रश्न–**

**1. जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण क्या है?**

(क) सही शिक्षा (ख) सही चुनाव (ग) सही विचार (घ) सही व्यवहार

**2 .किस प्रकार के व्यक्ति अपने कार्यों को सुंदर और कलात्मक ढंग से व्यक्त नहीं कर पाते?**

(क) सजकता के साथ परिश्रम न करने वाले । (ख) सजकता के साथ निर्णय करने वाले
(ग) सजगता के साथ चुनाव करने वाले (घ) सजकता के साथ अपना लक्ष्य चुनने वाले ।

**3 .पतन का विपरीतार्थक है–**

(क) उन्नति (ख) उत्थान (ग) विकास (घ) प्रगति

**प्रश्न –**

**1.सच्चा मित्र और कुमित्र हमारे जीवन को किस प्रकार प्रभावित करता है?**

**2. हमें अपने मित्रों के चुनाव में भी सावधानी क्यों बरतनी चाहिए?**

**प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्व पढ़कर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1x3=3 , 2x2= 4 = 7)**

"चमड़े का रंग मनुष्य – मनुजता को बांटे है,
यह है जघन्य अपमान प्रति का, मानव का।
धरती पर घृणा जिए, मर जाए प्रीति प्यार।
या धर्म, मनुज का नहीं, धर्म दानव का!
हा ! प्रेम नाम ही है रे जिसका महाकाव्य।
यदि वही नहीं तो जीवन का क्या अर्थ है यहाँ?
यदि वही नहीं तो सृष्टि सभ्यता जड़ मृत है।
यदि वही नहीं तो ज्ञान सकल है व्यर्थ यहाँ।
है गर्व तुम्हें जो अपनी उज्ज्वल सफेदी पर।
वह मिथ्या है, छल है, घमंड है चेहरे का।
रंगों का राजा तो है रंग भीतर वाला।
बाहरी रंग तो द्वारपाल है पहरे का।
दुनिया ऐसी तस्वीर कि जिसके खाके में।
आधी गोराई तो आधी कजलाई है।
पांव के नीचे यदि गौर वर्ण, वसुधा।
तो सिर पर श्याम गगन की छाया छाई है।"

**1) काव्यांश में मुख्य रूप से किस समस्या का उल्लेख किया गया है?**

**2) कथन (A) और कारण (R) पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए–**
**कथन (A) – कवि के अनुसार जीवन व्यर्थ है।**
**कारण (R) – जीवन तब व्यर्थ होता है जब उस में प्रेम नहीं होता है।**

क) कथन **(A)** सही है, किंतु कारण **(R)** गलत है। ख) कथन **(A)** गलत है, किंतु कारण **(R)** सही है।
ग) कथन **(A)** और कारण **(R)** दोनों सही हैं। घ) कथन **(A)** और कारण **(R)** दोनों गलत हैं।

**3) उज्ज्वल सफेदी पर गर्व क्या है?**

क) सदियों की परंपरा का पालन। ख) बाजार का दबाव और रंगभेद।
ग) मिथ्या, छल और अभिमान। घ) सत्य, अभियान और यकीन।

**4) कवि कहता है– 'रंगों का राजा तो है, रंग भीतर वाला'– भीतर वाले रंग का क्या तात्पर्य है?**

**5) गोरे और काले वर्ण के लिए प्रकृति से कौन–सा प्रतीक दिया गया है?**

क) राधा और कृष्ण का ख) धरती और आसमान का
ग) नदियों और सागर का घ) मनुज और दानव का

## (खंड– ख)
## (व्यवहारिक व्याकरण)

**प्रश्न 3.अ)** 1)'अति' उपसर्ग लगाकर दो शब्द लिखिए। **(1x2=2)**
2) 'लापरवाह' शब्द में से उपसर्ग एवं मूल शब्द अलग करके लिखिए।
**ब)** 1) 'ईन' प्रत्यय जोड़कर दो शब्द लिखिए। **(1x2=2)**
2) 'कड़वाहट' शब्द से प्रत्यय एवं मूल शब्द अलग करके लिखिए।

**प्रश्न 4. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए–** **(1x4=4)**
1) 'नीलकंठ' का समास विग्रह कीजिए।
2) 'भारत का रत्न' – का समस्त पद क्या होगा?
3) 'रात और दिन' में कौन सा समास है लिखिए।
4) अव्ययीभाव समास का एक उदाहरण लिखिए।

**प्रश्न 5. निर्देशानुसार किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **(1x4=4)**
1) 'कल हम मेला देखने जाएंगे' निषेधवाचक वाक्य में बदलिए–
2) 'प्रातः काल पूर्वी क्षितिज पर सूर्य की लाली बहुत सुंदर प्रतीत होती है।' अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए–
3) 'मेरी बहन सरला अपनी सहेली के घर गई है।' संदेहवाचक में बदलिए–
4) 'शायद आपने पाठ याद कर लिया होगा।' अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए–
5) 'आज बाजार नहीं खुलेगा।' विधानवाचक में बदलिए–

**प्रश्न 6. निर्देशानुसार हल कीजिए–** **(1x4=4)**
1) उपमा अलंकार की परिभाषा लिखिए।
2) 'कालिंदी कूल कदम्ब की डारन' – पंक्ति में कौन– सा अलंकार है?
3) रूपक अलंकार का एक उदाहरण लिखिए।
4) 'कर का मनका डारि दै, मन का मनका फेर'– पंक्ति में कौन– सा अलंकार है?

## (खंड – ग)
## (पाठ्य– पुस्तक एवं पूरक पुस्तक)

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1x5=5)**

"उन जैसा 'बर्ड वाचर' शायद ही कोई हुआ हो लेकिन एकांत क्षणों में सालिम अली बिना दूरबीन भी देखे गए हैं। दूर क्षितिज तक फैली जमीन और झुके आसमान को छूने वाली उनकी नजरों में कुछ–कुछ वैसा ही जादू था, जो प्रकृति को अपने घेरे में बांध लेता है। सालिम अली उन लोगों में से थे जो प्रकृति के प्रभाव में आने की बजाए प्रकृति को अपने प्रभाव में लाने के कायल होते हैं। उनके लिए प्रकृति में हर तरफ एक हंसती – खेलती रहस्य भरी दुनिया पसरी थी। यह दुनिया उन्होंने अपने लिए बड़ी मेहनत से गढ़ी थी। इसके गढ़ने में उनकी जीवन– साथी तहमीना ने काफी मदद पहुँचाई थी। तहमीना स्कूल के दिनों में उनकी सहपाठी रही थीं।"

**1) उन जैसा 'बर्ड वॉचर' शायद ही कोई हुआ हो– पंक्ति का तात्पर्य क्या है?**
क) लॉरेंस जैसा पक्षी विज्ञानी नहीं। ख) उन्हें सभी पक्षियों की जानकारी थी।
ग) सालिम अली सबसे कुशल पक्षी– निरीक्षक थे। घ) उन जैसे सभी पक्षी–प्रेमी थे।

**2) सालिम अली की नजरों में क्या खास बात थी?**
क) उनकी नजर बहुत तेज थी। ख) उनकी नजरों में प्रकृति के रहस्यों के प्रति गहरा प्रेम था।
ग) वे दूरबीन से दूर– दूर तक देखते थे। घ) वे सदा पक्षियों को ही देखते रहते थे।

**3) सालिम अली प्रकृति के क्या थे?**
क) प्रकृति को हानि पहुंचाने वाले थे। ख) प्रकृति को प्रभावित करने वाले थे।
ग) प्रकृति के शत्रुओं का साथ देने वाले थे। घ) प्रकृति से दूर रहने वाले थे।

**4) सालिम अली ने अपने लिए कौन– सी दुनिया रची थी?**
क) रंगीन सपनों की दुनिया ख) पक्षियों की रहस्य भरी दुनिया
ग) बच्चों की हंसती– खेलती दुनिया घ) परिश्रम से भरी दुनिया

**5) सालिम अली की रहस्य भरी दुनिया को रचने में किसने सहायता की थी?**
क) उनकी पड़ोसन ने ख) उनकी बहन ने
ग) उनके सहपाठियों ने घ) उनकी धर्मपत्नी ने

**प्रश्न 8. गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर संक्षेप में लिखिए–** **(2x3=6)**
1) लेखक ने उपभोक्ता संस्कृति को हमारे समाज के लिए चुनौती क्यों कहा है?
2) महादेवी वर्मा ने किस इच्छा से गांधीजी को चांदी का कटोरा दिखाया? इस पर गांधीजी की क्या प्रतिक्रिया थी?
3) प्रेमचंद की फोटो को देखकर लेखक को कौन–सी बात अधिक खटकी और क्यों?
घ) अपनी यात्रा के दौरान लेखक को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा? 'ल्हासा की ओर' पाठ के आधार पर लिखिए।

**प्रश्न 9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखें–** **(1x5=5)**

क्या अंतरिक्ष में गिर गई है सारी गेंदे
क्या दिमागों ने खा लिया है
सारी रंग बिरंगी किताबों को
क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं खिलौने सारे
क्या किसी भूकंप में ढह गई है
सारे मदरसों की इमारतें
क्या सारे मैदान, सारे बगीचे और घरों के आंगन
खत्म हो गए हैं एकाएक

**1. कवि के मतानुसार रंग–बिरंगी किताबों को किसने खा लिया है?**
(क) दीमकों ने (ख) चीटियों ने (ग) चूहे ने (घ) ये सभी

**2. कवि के अनुसार अचानक क्या खत्म हो गया है ?**
(क) पैसे रुपए (ख) मैदान– बगीचे (ग) घर– आंगन (घ) (ख) और (ग) दोनों

**3. बच्चों का काम पर जाना कैसी स्थिति है?**
(क) भयानक (ख) रोचक (ग) प्रशंसनीय (घ) सुखद

**4.कवि के अनुसार बच्चों के खिलौने कहां दब गए हैं ?**
(क) जमीन में (ख) खेतों में (ग) काले पहाड़ के नीचे (घ) इनमें से कोई नहीं

**5.कवि का मन क्यों तिलमिला उठना है ?**
(क) बच्चों को काम पर जाता देखकर (ख) मजदूरों को काम पर जाता देखकर
(ग) औरतों को काम पर जाता देखकर (घ) किसानों को काम पर जाता देखकर

**प्रश्न 10. काव्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर संक्षेप में लिखिए–** **(2x3=6)**

1) मेघ रूपी मेहमान के आने से वातावरण में क्या–क्या परिवर्तन हुए?
2) 'ग्राम श्री' कविता में कवि ने गांव को मरकत डिब्बे– सा खुला क्यों कहा है?
3) 'कैदी और कोकिला' कविता के अनुसार बताइए कि ब्रिटिश सरकार कैदियों का मनोबल तोड़ने के लिए क्या करती थी?
4) कृष्ण प्रेम में डूबी गोपी किस प्रकार का श्रृंगार करना चाहती है और क्यों? 'सवैये' पाठ के आधार पर लिखिए।

**प्रश्न 11. कृतिका पाठ के आधार पर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50 से 60 शब्दों में लिखिए।** **(4x2=8)**

1) रीढ़ की हड्डी कथावस्तु के आधार पर आप किसे एकांकी का मुख्य पात्र मानते हैं और क्यों?
2) मेरे संग की औरतें पाठ के आधार पर बताइए कि डरा धमका कर क्या किसी को रास्ते पर लाया जा सकता है?
3) यदि आपके इलाके में बाढ़ के पानी घुसने की संभावना है तो उसके लिए आप क्या–क्या प्रबंध करेंगे?

## (खंड – घ)
## (लेखन कौशल)

**प्रश्न 12. नीचे दिए गए संकेत बिंदु के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लेखन कीजिए–** **(6x1=6)**

**1) परीक्षा से पहले मेरी मनोदशा**
**संकेत बिंदु**–परीक्षा का भय ,पर्याप्त तैयारी, प्रश्न पत्र देखकर भय दूर होना।

**2) जब आवे संतोष धन, सब धन धूरी समान**
**संकेत बिंदु** –मनुष्य की लालसाएं व आकांक्षाएं अनंत हैं, इच्छाएं बढ़ती जाती हैं, भोगो का अंत नहीं।

**3) स्वच्छता अभयान**
**संकेत बिंदु** – महात्मा गांधी की जयंती, प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता अभियान की घोषणा, स्वच्छ भारत अभियान एक जन आंदोलन।

**प्रश्न 13. खोई हुई पुस्तकें लौटाने के लिए आभार प्रदर्शित करते हुए किसी अपरिचित नरेंद्र मोहन को पत्र लिखिए।** **(5x1=5)**

**अथवा**

**आपके क्षेत्र का डाकिया पत्रों का वितरण बड़ी लापरवाही से करता है। पत्र इधर– उधर फेंक कर चला जाता है। मुख्य डाकपाल को एक शिकायत –पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 14.** 'परिश्रम ही सफलता की कुंजी है' विषय पर लगभग 100 शब्दों में लघु कथा उससे मिलने वाली शिक्षा के साथ लिखिए। **(5x1=5)**

**अथवा**

**आप मनु /मीना हैं। कानपुर से दिल्ली के लिए प्रथम श्रेणी की आरक्षित सीट को रद्द करवाने के लिए रेलवे आरक्षण केन्द्र के अधिकारी को ई–मेल लिखिए।**

**प्रश्न 15. भारतीय संगीत के प्रति अपने लगाओ को प्रकट करते हुए अपने दोस्त से हुए संवाद को लिखिए–** **(4x1=4)**

**अथवा**

**विद्यालय में वृक्षारोपण समारोह के आयोजन के लिए आपको संयोजक बनाया गया है। पूरे विद्यालय की सहभागिता के लिए एक सूचना लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए–**